उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग

विज्ञापन सं0
ए–7/ई–1/2023

समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि परीक्षा–2023

संक्षिप्त विज्ञापन

1. इस परीक्षा का **विस्तृत विज्ञापन दिनांक 09.10.2023 से आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in** पर उपलब्ध रहेगा जिसमें **ऑनलाइन आवेदन** करने की प्रक्रिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, जाति प्रमाण पत्रों का प्रोफार्मा, प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा के विषय एवं पाठ्यक्रम, परीक्षा केन्द्रों के जिलों के नाम, आरक्षण एवं आयु में छूट के सम्बन्ध में निर्धारित महत्वपूर्ण निर्देश आदि उपलब्ध रहेंगे। ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को **एकल अवसरीय पंजीकरण (One Time Registration)** कर **O.T.R. नम्बर** प्राप्त करना अनिवार्य है।

2. अभ्यर्थी **विस्तृत विज्ञापन** देखने के पश्चात् एवं अर्ह होने की स्थिति में ही आवेदन करें।

IndiaNewJobs.com

1. **रिक्तियों का विवरण**– वर्तमान में **प्रश्नगत परीक्षा** हेतु रिक्तियों की कुल संख्या–**411** है, जो कि परिस्थितियों एवं आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
2. **शैक्षिक अर्हता**– जैसा कि **विस्तृत विज्ञापन के बिन्दु–9** ''शैक्षिक अर्हता'' में दिया गया है।
3. **आयु सीमा**: चयन हेतु अभ्यर्थियों को **01 जुलाई 2023** को **21 वर्ष** की आयु अवश्य पूरी करनी चाहिए और उन्हें 40 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए अर्थात् उनका जन्म 02 जुलाई 1983 से पूर्व तथा 01 जुलाई, 2002 के बाद का नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार दिव्यांगजन हेतु अधिकतम आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उनका जन्म 02 जुलाई, 1968 के पूर्व का नहीं होना चाहिए। उ0प्र0 के विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों, जिनका विवरण विस्तृत विज्ञापन के बिन्दु–6 व बिन्दु–10 में दिया गया है, के लिए नियमानुसार आरक्षण/अधिकतम आयु सीमा में शिथिलन अनुमन्य होगा।
4. **O.T.R. (One Time Registration) आधारित ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि– 09.10.2023**
5. **ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अन्तिम तिथि– 09.11.2023**
6. **ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि– 09.11.2023**

दिनांक: प्रयागराज, 07 अक्टूबर, 2023 **सचिव**